RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 मुंबई : मंगलवार 17 दिसंबर 2024 वर्ष 06 अंक 244 संपादक : फैसल शेख पृष्ठ : 4 कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

वाशी ब्रिज कनेक्टिविटी पर ट्रैफिक को और आसान बनाने की उम्मीद...




Page - 4

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## महाराष्ट्र की फडणवीस सरकार ने 33788 करोड़ रुपये की अनुपूरक मांगें पेश कीं

**मुंबई:** महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने 33,788.40 करोड़ रुपये की अनुपूरक मांगें सोमवार (16 दिसंबर) को पेश कीं, जिनमें मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहन योजना के लिए 1,400 करोड़ रुपये का प्रावधान है. मंत्री उदय सामंत ने ये अनुपूरक मांगें पेश कीं, जो सरकार द्वारा बजटीय आवंटन के लिए मांगी गई अतिरिक्त धनराशि हैं.



राज्य सरकार ने पिछले बजट में माझी लाडकी बहिन योजना के तहत 21 से 60 वर्ष आयु वर्ग की पात्र महिलाओं को 1,500 रुपये मासिक भत्ता देने के लिए सालाना 46,000 करोड़ रुपये की घोषणा की थी.

2.5 करोड़ से अधिक महिलाओं को मासिक किस्तें मिल चुकी हैं. मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने पहले कहा था कि मासिक किस्तों को 1,500 रुपये से बढ़ाकर 2,100 रुपये करने का बजट बनाया जाएगा और इसे लागू किया जाएगा.

सिंधुदुर्ग जिले के मालवण तालुका में राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के लिए 36 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है. छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पिछले साल 4 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अनावरण किए जाने के कुछ ही महीने बाद 26 अगस्त को ढह गई थी.

## मखदूम शाह बाबा दरगाह पर उर्स 2024 के उद्घाटन पर मुंबई पुलिस की सलामी & संदल



**मुंबई:** हजरत मखदूम शाह बाबा का 611 उर्स है माहिम में 10 दिन का उर्स बनाया जाता है सुबह मुंबइ पुलिस दरगाह पर सलामी देती है हिंदुस्तान की पहेली दरगाह है जहाँ पर सलामी दी जाती फूलो की चाद्दर और संदल मुंबई पुलिस की चढ़ाई जाती है फिर उर्स शुरू होता है ये परंपरा बरसो से चली आ रही है, मखदूम शाह बाबा की बैठक माहिम पुलिस स्टेशम में है और देख भाल पुलिस करती है और संदल माहिम पुलिस स्टेशन से निकाला जाता है।

मुंबई पुलिस जॉइन्ट पुलिस कमिसीनर सत्यं नारायण चौधरी और जोन 5 के डीसीपी गणेश गावड़े ने माहिम पुलिस स्टेशन में आए और संदल में शिरकत किए. पूरे महाराष्ट्र से पुलिसकर्मी आहे है और यहा से संदल निकलता पुलिस स्टेशन से माहिम दरगाह तक बड़े धूम धाम से और नाच गाने के साथ।

## BMC चुनाव अकेले लड़ेगी समाजवादी पार्टी, अबू आजमी बोले– 'नफरत फैलाने वालों के साथ...'

**मुंबई:** महाराष्ट्र समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अबू आसिम आजमी ने सोमवार (16 दिसंबर) को बड़ा बयान दिया. उन्होंने कहा कि मुंबई महानगरपालिका चुनाव सपा अकेले ही लड़ेगी. उन्होंने ये भी कहा कि समाजवादी पार्टी नफरत फैलाने वालों के साथ नहीं रह सकती. इससे पहले हाल ही में अबू आजमी ने महाविकास अघाड़ी से अलग होने का ऐलान किया था. उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर लिखा था, एक्स पर लिखा, ''समाजवादी पार्टी को महाराष्ट्र में अकेले चलना गवारा है, लेकिन महा



विकास अघाड़ी में रहते हुए शिवसेना यूबीटी की सांप्रदायिक विचारधारा का हिस्सा बनना हरगिज गवारा नहीं.''

दरअसल, शिवसेना यूबीटी के नेता मिलिंद नार्वेकर ने बाबरी विध्वंस को लेकर एक पोस्ट किया था. जिसके बाद अबू आजमी ने एमवीए से अलग होने का फैसला लिया. आजमी ने कहा, ''शिवसेना (यूबीटी) के एक नेता ने सोशल मीडिया पर एक संदेश पोस्ट किया, जिसमें बाबरी मस्जिद विध्वंस (1993) के लिए पार्टी को श्रेय देने का दावा किया गया. हम इसे कैसे बर्दाश्त कर सकते हैं.

## महाराष्ट्र चुनाव में बुरी हार से सीख
### BMC चुनाव पर नजर, उद्धव ठाकरे की शिवसेना ने थामा फिर हिंदुत्व का झंडा

**मुंबई:** उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में करारी हाल मिली। यह हार उद्धव सेना के लिए अब तक की सबसे शर्मनाक हार थी। राजनीतिक विश्लेषकों ने कहा कि हिंदुत्व के अजेंडे पर बनी और आगे बढ़ी पार्टी ने इस चुनाव में हिंदुत्व को ही छोड़ दिया इसलिए उद्धव को बुरी हार का सामना करना पड़ा। लगातार आलोचनाओं के बाद अब उद्धव ठाकरे ने अपने मूल हिंदुत्व एजेंडे पर लौटने के संकेत दिए हैं।



पार्टी ने पड़ोसी देश बांग्लादेश में अगस्त में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद वहां हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के लिए केंद्र पर कड़ा हमला किया था। अब वह मुंबई के दादर स्टेशन के बाहर स्थित 80 साल पुराने हनुमान मंदिर की रक्षा के लिए आगे आई है।

**आदित्य ठाकरे ने की महा आरती**

दादर के हनुमान मंदिर को ध्वस्त करने का बीएमसी नेनोटिस जारी किया है। शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे ने हिंदुत्व के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को घेरने की अपनी मंशा का संकेत देते हुए मंदिर में 'महा आरती' की।

इससे पहले 6 दिसंबर को पार्टी ने कुछ सहयोगियों की नाराजगी तब बढ़ा दी। उद्धव ठाकरे के करीबी सहयोगी और विधान परिषद के सदस्य(एमएलसी) मिलिंद नार्वेकर ने सोशल मीडिया मंच पर बाबरी मस्जिद विध्वंस की एक तस्वीर साझा की और साथ ही शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे का यह आक्रामक कथन भी पोस्ट किया था। इसमें लिखा था, 'मुझे उन लोगों पर गर्व है जिन्होंने यह किया।' दावा है कि अयोध्या में मस्जिद को 6 दिसंबर 1992 को कार सेवकों ने ध्वस्त कर दिया था।

**अबु आजमी ने बनाई दूरी**

इस कदम से असहज समाजवादी पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष अबू आजमी ने कहा कि उनकी पार्टी राज्य में विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) से अलग हो रही है।

## फडणवीस की कैबिनेट में 17 ओबीसी, 16 मराठा, दो ब्राह्मण, जानें SC-ST के साथ कितने मुस्लिम बने मंत्री



**मुंबई:** महाराष्ट्र में सीएम देवेंद्र फडणवीस ने अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया है. इसमें कुल 39 मंत्रियों ने शपथ ग्रहण की. इसमें 33 कैबिनेट मंत्री हैं, जबकि 6 राज्य मंत्री हैं. इस बार महाराष्ट्र सरकार की कैबिनेट में 4 महिलाओं का मंत्री बनाया गया है. जबकि सिर्फ एक मुसलमान को मंत्रिमंडल में जगह दी है. कोल्हापुर जिले की कागल विधानसभा सीट से छह बार के विधायक मुश्रीफ इकलौते मुस्लिम मंत्री बने हैं. बीजेपी के 19, एकनाथ शिंदे की शिवसेना के 11 और अजित पवार की एनसीपी के 9 मंत्रियों ने मंत्री पद की शपथ ली. देवेंद्र फडणवीस ने बीजेपी के चार और एनसीपी के पांच विधायकों को दोबारा मंत्री बनाया है. जबकि शिवसेना की सिर्फ तीन विधायकों को मंत्री पद दिया है.

# संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## संविधान ने दी देश को दिशा

भारतीय संविधान को अंगीकृत करने की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित विशेष चर्चा में हिस्सा लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोक सभा में यह उचित ही कहा कि संविधान ने आजादी के बाद भारत के लिए सभी पूवार्नुमानित संभावनाओं को हासिल किया है। एक युवा गणतंत्र के जीवन में उतार-चढ़ाव तो आते ही हैं, लेकिन भारतीय संविधान समय की कसौटी पर खरा उतरा है और उसने भारत की अच्छी सेवा की है। इसकी सफलता का सबसे बड़ा उदाहरण सत्ता का निरंतर शांतिपूर्ण हस्तांतरण है, जो जनाकांक्षाओं को प्रदर्शित करता है। यहां यह बताना जरूरी है कि भारत में हर स्तर पर राजनीति बेहद प्रतिस्पर्धी है।

पिछले दशकों में देश में कई तरह के राजनीतिक दलों और गठबंधनों ने शासन किया है। कुछ विफलताओं को छोड़ दें तो वे ज्यादातर समय देश को आगे ले गए हैं। साल 1975 में आपातकाल लागू करना ऐसा ही एक स्पष्ट उदाहरण है। भारत के संविधान को एक गतिशील और जीवंत दस्तावेज के रूप में पेश किया गया था जिसमें एक युवा राष्ट्र की बदलती जरूरतों के अनुकूल लचीलापन निहित था। इसका नतीजा यह हुआ कि हमारे संविधान में 100 से ज्यादा बार संशोधन किए गए। उदाहरण के लिए सबसे हाल का संशोधन संसद और विधान सभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी सीटें आरक्षित करने का था, हालांकि यह प्रावधान अगले परिसीमन के बाद ही लागू हो सकेगा।

अगर आर्थिक परिप्रेक्ष्य से देखें तो केंद्र और राज्य सरकारों, दोनों ने कराधान की अपनी साझा शक्ति का इस्तेमाल करते हुए वस्तु एवं सेवा कर को लागू करना संभव बनाया और इसके लिए संविधान में प्रासंगिक बदलाव किए गए। इस तरह संविधान ने पिछले वर्षों में भारत को सामाजिक और आर्थिक, दोनों तरह के हितों को आगे बढ़ाने का अवसर दिया है। वैसे तो पिछले हफ्ते संसद में आयोजित दो दिवसीय चर्चा में विभिन्न पहलुओं को छुआ गया, लेकिन कई स्तरों पर यह एकतरफा रही। हालांकि, यह पूरी तरह से अप्रत्याशित भी नहीं था, लेकिन सदस्य इस अवसर का इस्तेमाल इस पर चर्चा के लिए कर सकते थे कि संविधान में अंगीकृत किए गए विचारों पर आगे किस तरह से अमल हो। भारत साल 2047 यानी स्वतंत्रता की शताब्दी तक एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में काम कर रहा है, इसलिए यह उचित ही है कि इसका उद्देश्य आम नागरिकों के जीवन में परिवर्तन लाना और उन्हें सशक्त बनाना हो। इस संबंध में मौलिक अधिकारों की गारंटी देने वाले कुछ प्रावधानों की चर्चा करना मुनासिब होगा।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# ठाणे के ट्रैफिक जाम को सुलझाने में लगेगा एक साल का समय..

## मुंबई आईआईटी करेगी ठाणे के ट्रैफिक प्लान की फिर से समीक्षा



**ठाणे :** ठाणे शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या को हल करने के लिए छह साल पहले तैयार किए गए ट्रैफिक प्लान और मौजूदा बदलती ट्रैफिक स्थिति में बड़ा अंतर होने के कारण, ठाणे मनपा ने इस योजना की फिर से समीक्षा करने का फैसला किया है। मनपा आयुक्त सौरभ राव ने यह निर्णय लिया है। मुंबई आईआईटी के विशेषज्ञ बदलते ट्रैफिक पैटर्न, स्कूल बसों और अन्य सार्वजनिक परिवहन की बढ़ती संख्या, कचरा और निमर्माण सामग्री के परिवहन से होने वाले ट्रैफिक दबाव का गहन अध्ययन करेंगे। इस योजना में साइकिल ट्रैक, पैदल यात्रियों के लिए सुविधाएं और खाड़ी के जरिए जल परिवहन शुरू करने की संभावनाओं का भी विश्लेषण किया जाएगा। इसके अलावा, मेट्रो और रेलवे के कनेक्शन के लिए ट्रैफिक सिस्टम की योजना, पार्किंग की व्यवस्था और तीन हाथ नाका क्षेत्र में ट्रैफिक जाम के समाधान पर भी सुझाव दिए जाएंगे।

बता दें कि ठाणे शहर में बीते कुछ वर्षों में तेजी से शहरीकरण हुआ है। इसके साथ ही शहर में वाहनों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। उरण स्थित जेएनपीटी पोर्ट से गुजरात और नाशिक की ओर जाने वाले भारी वाहन भी यहां से गुजरते हैं, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या और बढ़ जाती है। मेट्रो और सड़क चौड़ीकरण जैसी परियोजनाओं ने भी इस समस्या को बढ़ाया है। वर्ष 2018 में तैयार किया गया ट्रैफिक प्लान अब मौजूदा स्थिति के अनुरूप नहीं है, इसलिए इसकी समीक्षा जरूरी हो गई है। इस समीक्षा में आईआईटी मुंबई के 'जीआईएस हब' के विशेषज्ञ आधुनिक मॉडलों की मदद से इस योजना को अपडेट करेंगे। ट्रैफिक पुलिस, मेट्रो, एमएमआरडीए, रेलवे और पर्यावरण विशेषज्ञों की भागीदारी के साथ एक अध्ययन दल का गठन किया जाएगा। इसके अलावा, नागरिकों की प्रतिक्रिया जानने के बाद ही अंतिम योजना तैयार की जाएगी।

क्या कहते हैं मनपा आयुक्त ?

आयुक्त सौरभ राव ने कहा कि इस प्रक्रिया में अगले एक साल का समय लग सकता है उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में बनाई गई योजना को 2030 तक की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए अपडेट करने की आवश्यकता है। इससे ठाणे की बदलती ट्रैफिक स्थिति का समाधान निकालने में मदद मिलेगी।

# चाइनीज बनाने वाली मशीन में फंसी शर्ट और चली गई जान

**मुंबई :** मुंबई में एक दिल दहला देने वाली घटना घटी है। जहां चाइनीज बनाने वाली मशीन में फंसने से 22 साल के एक युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पीड़ित युवक का सबसे पहले मशीन में शर्ट फंसा था। फिर मशीन ने युवक को भी अंदर खींच लिया। मिली जानकारी के मुताबिक, यह दुखद घटना मुंबई के प्रभादेवी के नरीमन भट नगर में हुई। एक 22 वर्षीय युवक की शर्ट चाइनीज बनाने वाली मशीन में फंस जाने से दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हादसा तब हुआ जब पीड़ित मशीन पर काम कर रहा था। मृतक मजदूर का नाम सूरज यादव बताया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर दादर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेजा है। दादर पुलिस जांच कर रही है कि यह हादसा किस की गलती से हुआ। शुरूआती जांच में पता चला कि शर्ट फंसने पर कर्मचारी भी मशीन में खिंच गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गयी।

# बिल्डिंग की लिफ्ट में फंसे कपल को किया गया रेस्क्यू...



**मुंबई :** ठाणे शहर में एक ऊंची इमारत में एक कार लिफ्ट में फंसने के बाद एक कपल को सफलतापूर्वक बचाया गया। एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है। एक रिपोर्ट के अनुसार यह घटना शास्त्री नगर इलाके में रात करीब 10.48 बजे हुई, जब कपल की कार 20 मंजिला इमारत की तीन स्तरीय मैकेनिकल कार लिफ्ट में फंस गई। जब कपल अपनी कार पार्क करने का प्रयास कर रहे थे, तब लिफ्ट में खराबी आ गई, जिससे वे वाहन के अंदर फंस गए। रिपोर्ट के मुताबिक आपातकालीन कॉल मिलने पर, क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ (आरडीएमसी) के कर्मियों के साथ स्थानीय अग्निशमन दल घटनास्थल पर पहुंचे और 30 मिनट से कम समय में जोड़े को बाहर निकालने में सफल रहे। सौभाग्य से, इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ और जोड़े को सुरक्षित रूप से लिफ्ट से बाहर निकाल लिया गया, सिविक डिजास्टर मैनेजमेंट सेल के प्रमुख यासीन तड़वी ने कहा कि खराबी का सही कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है, उन्होंने यह भी पुष्टि की कि इमारत के निवासियों पर इस स्थिति का कोई असर नहीं पड़ा, क्योंकि किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। यह इमारत शास्त्री नगर में स्थित 20 मंजिला इमारत है, जिसमें एक स्टिल्ट, तीन मंजिलें मैकेनिकल कार पार्क के लिए समर्पित हैं, और ऊपर 13 आवासीय मंजिलें हैं। रिपोर्ट के अनुसार इसमें शामिल लिफ्ट इमारत के मैकेनिकल कार पार्क क्षेत्र में पार्किंग की सुविधा के लिए डिजाइन की गई कई लिफ्टों में

# ठाणे :रेत कारोबारियों पर जिला प्रशासन का शिकंजा... 18 लाख की संपत्ति नष्ट



**ठाणे :** अंजुर दिवे, कशेली और अलिमघर खाड़ी क्षेत्रों में अवैध रेत खनन के खिलाफ जिला राजस्व विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। टीम ने 18 लाख रुपये मूल्य की नावों और सक्शन पंपों को जब्त कर नष्ट कर दिया। इस कार्रवाई के दौरान बालू कारोबारी और मजदूर मौके से भाग निकले, जिससे कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी।

बता दें कि भिवंडी के तहसीलदार अभिजीत खोले को शिकायत मिली थी कि कशेली और अंजुरदिवे खाड़ी में दिन-रात अवैध रेत उत्खनन हो रहा है। शिकायत की पुष्टि होने के बाद, उपविभागीय अधिकारी अमित सानप के निर्देश पर तहसीलदार और ग्राम राजस्व अधिकारियों की टीम ने अचानक छापा मारा। अधिकारियों को आता देख मजदूर नावों और सक्शन पंपों को छोड़कर भाग गए। टीम ने अलीमघर खाड़ी में खड़े एक सक्शन पंप को नष्ट किया और अन्य दो पंपों को किनारे पर लाकर विध्वंस कर दिया। काल्हेर तट के पास भी दो सक्शन पंपों को नष्ट किया गया, जिनमें से एक को खाड़ी में डुबो दिया गया। कुल मिलाकर 18 लाख रुपये की संपत्ति नष्ट की गई। तहसीलदार अभिजीत खोले ने बताया कि अवैध रेत खनन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

# ड्राइवर की लापरवाही से महिला क्लर्क घायल... पुलिस ने मामला दर्ज किया




**भिवंडी :** कोनगांव क्षेत्र में एक लापरवाह स्विफ्ट डिजायर ड्राइवर की हरकत से महिला क्लर्क गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना कोनगांव स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास हुई। कोनगांव पुलिस ने इस मामले में अज्ञात कार ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक मेघना गुलाब पाटिल (43) जो एक क्लर्क हैं, घटना के समय के पति से कार्यालय छोड़ने जा रहे थे। उसी दौरान एक स्विफ्ट डिजायर कार के ड्राइवर ने अचानक गाड़ी का दरवाजा लापरवाही से खोला, जिससे मेघना को सिर और दाहिने हाथ पर गंभीर चोटें आईं।

# अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई 91 लाख की शराब जब्त



**ठाणे :** ठाणे जिले में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ उत्पादन शुल्क विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। छह दिसंबर से शुरू हुई इस मुहिम के तहत अब तक 29 ढाबों पर छापेमारी की गई, जिसमें 32 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 91 लाख रुपए की शराब जब्त की गई है। विभाग ने नववर्ष के मद्देनजर अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए चार विशेष पथकों का गठन किया है। बता दें कि हाईवे के किनारे मौजूद कई ढाबों पर बिना लाइसेंस के शराब बेचने और ग्राहकों द्वारा बाहर से शराब लाकर पीने की घटनाओं की शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों को ध्यान में रखते हुए फाटा, पाइपलाइन, अंबरनाथ, मुंबई- नाशिक हाईवे और मीरा-भायंदर इलाकों में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान 121 मामले दर्ज किए गए और कुल एक करोड़ दस लाख का माल जब्त किया गया। उत्पादन शुल्क विभाग ने कहा है कि नववर्ष के दौरान ढाबों पर भीड़ बढ़ने की संभावना को देखते हुए यह अभियान जारी रहेगा। अवैध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए चार विशेष पथक तैनात किए गए हैं, जो नियमित रूप से ढाबों की जांच करेंगे। विभाग का उद्देश्य है कि किसी भी तरह की अवैध शराब बिक्री और इसके परिणामस्वरूप होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# मंत्रियों में एनसीपी के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल को शामिल नहीं किया... समर्थकों में गुस्सा

**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार के मंत्रिमंडल में जगह नहीं दिए जाने पर एनसीपी के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल के समर्थकों ने जमकर हंगामा किया. नासिक में भुजबल समर्थकों ने एनसीपी ऑफिस के बाहर टायर जलाया. रविवार को सीएम देवेंद्र फडणवीस कैबिनेट के मंत्रियों ने शपथ ली. महायुति की नई सरकार में 39 मंत्री बनाए गए हैं. इसमें 19 मंत्री बीजेपी के कोटे से, 11 मंत्री शिवसेना शिंदे गुट के कोटे से जबकि नौ मंत्री एनसीपी अजित पवार के कोटे से बनाए गए हैं. इन नौ मंत्रियों में एनसीपी के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल को शामिल नहीं किया गया. इसी बात से उनके समर्थकों में गुस्सा है.



इससे पहले छगन भुजबल ने नागपुर में रविवार को पार्टी की बैठक से भी किनारा किया. भुजबल होटल में ही रहे. हालांकि उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किए जाने के सवाल पर कोई जवाब नहीं दिया. उधर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और एनसीपी प्रमुख अजित पवार से जब सवाल छगन भुजबल को कैबिनेट में जगह नहीं देने पर सवाल किया तो फिलहाल उन्होंने इस पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया. हालांकि अजित पवार ने ये साफ कर दिया कि उनकी पार्टी के जितने विधायकों को मंत्री बनाया गया है वह ढाई साल तक ही सरकार में रहेंगे. ढाई साल बाद दूसरे विधायकों को मौका दिया जाएगा.

**एनसीपी के किन-किन विधायकों ने शपथ ली**

एनसीपी के 9 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई है. इनमें हसन मुश्रीफ, धनंजय मुंडे, दत्तात्रय भरणे, अदिति तटकरे को मंत्री बनाया गया है. इसके साथ ही पार्टी के विधायक माणिकराव कोकाटे, नरहरि झिरवाल, मकरंद जाधव पाटिल, बाबासाहेब पाटिल, इंद्रनील नाइक को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई गई है. महाराष्ट्र में 23 नवंबर को विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित किए गए थे. महायुति गठबंधन को राज्य की 288 में से 230 सीटों पर शानदार जीत मिली थी.

# छोटे से विवाद में मारपीट, चला चाकू...



**भिवंडी :** भिवंडी के फातिमा नगर अनमोल होटल के पास रात में हुए एक छोटा विवाद अचानक हिंसक झगड़े में बदल गया, जिसमें एक व्यक्ति को चाकू से हमला होने से गंभीर रूप से जख्मी हुआ है। यही नहीं आरोपियों ने परिवार पर हमला किए जाने और जान से मारने की धमकी भी दी है। शांतिनगर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक फातमा नगर के रहने वाले सादिक अली के छोटे भाई माजिद का अनमोल होटल के पास शाहबाज शहा, फारूक शेख, सुफियान अंसारी और सदरे नामक व्यक्तियों से विवाद हो गया।

# कैदी के भाई से रिश्वत लेना पड़ा भारी

## पुलिसकर्मी और जेल अधिकारी पर गिरी गाज

**नवी मुंबई :** नवी मुंबई से एक घोटाले का मामला सामने आया है। मुंबई में परिवार के सदस्य का उत्पीड़न रोकने के लिए कथित तौर पर रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में एक पुलिसकर्मी और एक वरिष्ठ जेल अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अन्य पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी है। पुलिस अधिकारी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने तलोजा जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी निवृत्ति मानेजी कन्नेवाड और कांस्टेबल राहुल परमेश्वर गराड के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।



शिकायतकर्ता से 10,000 रुपए की रिश्वत की मांग पुलिस ने कहा कि दोनों ने कथित तौर पर शिकायतकर्ता से 10,000 रुपये की रिश्वत की मांग की, जिसका भाई तलोजा जेल में कैदी है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसके भाई को तलोजा जेल में दो आरोपियों ने परेशान किया था। कथित तौर पर उत्पीड़न तब बढ़ गया जब कैदी को कार्यवाही के लिए अदालत में लाया गया।

अधिकारी ने कहा, एक मुलाकात के दौरान कैदी ने अपने भाई को बताया कि दोनों अधिकारियों ने उत्पीड़न रोकने के लिए 10,000 रुपये की मांग की थी। उन्होंने बताया कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने शिकायत की जांच की और पाया कि दोनों ने शनिवार को रिश्वत की रकम स्वीकार की थी।

# मंत्रियों के लिए ढाई साल का फॉर्मूला

**मुंबई :** महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली नई सरकार का गठन हो चुका है. इसी कड़ी में 39 मंत्रियों ने शपथ ली. किस नेता को कौन सा विभाग मिलेगा, उसपर तो एक दो दिन में फैसला हो ही जाएगा, इसी बीच डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने साफ कर दिया कि सरकार ढाई-ढाई साल वाले फॉर्मूले पर चलेगी. यह ढाई साल का फॉर्मूला सीएम पद के लिए नहीं बल्कि मंत्रियों के लिए होगा. शिंदे के 11 और अजित पवार के 9 विधायकों ने रविवार को मंत्रीपद की शपथ ली. ऐसे में यह सवाल उठना लाजमी है कि आखिर शिंदे-अजित को मंत्रियों के लिए ये ढाई-ढाई साल वाला फॉर्मूला क्यों लागू करना पड़ रहा है. दरअसल, पार्टी के अन्य नेताओं में बढ़ते असंतोष को देखते हुए दोनों नेताओं की तरफ से यह बयान जारी किया गया कि ढाई साल के फॉर्मूले पर महायुति सरकार में उनकी पार्टी मंत्री बनाएगी.

अजीत पवार ने सुझाव दिया कि अच्छा प्रदर्शन नहीं करने वाले मंत्रियों को ढाई साल में बदला जा सकता है. फिर एकनाथ शिंदे की तरफ से भी यह बयान दिया गया कि उनके मंत्री ढाई साल वाले फॉर्मूले पर गद्दी पर बैठेंगे. उन्होंने




साफ कर दिया कि जो अच्छा काम करेंगे वो आगे बढ़ेगा. हिन्दुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार शिंदे की पार्टी अपने मंत्रियों से 2.5 साल के कार्यकाल को स्वीकार करने वाले हलफनामे पर हस्ताक्षर करने की उम्मीद कर रही है. मंत्री शंभुराज देसाई ने कहा, ''ये हलफनामे इसलिए लिए जा रहे हैं ताकि पार्टी के प्रमुख नेता एकनाथ शिंदे अंतिम फैसला ले सकें.

रिपोर्ट के मुताबिक शिंदे के एक करीबी ने कहा, ''शिवसेना के विधायकों की कोई विचारधारा या एकनाथ शिंदे के प्रति निष्ठा नहीं है और वे सत्ता चाहते हैं. यही वजह है कि हमें सत्ता को समान रूप से वितरित करना होगा.'' महायुति सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार रविवार को हुआ तो कई मौजूदा मंत्रियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया. नया मंत्रिमंडल क्षेत्रीय संतुलन के आधार पर किया गया है.

# भायंदर: पेड़ ऑटो रिक्शा पर गिर गया...

**मीरा-भायंदर:** ''जाको राखे साइयां मार सके न कोई'' यह कहावत तो आपने कई बार सुनी होगी, लेकिन 40 वर्षीय ऑटो-रिक्शा चालक ने इसे सच साबित कर दिया। उसने मौत को भी मात दे दी। घटना भायंदर (पश्चिम) के स्टेशन रोड इलाके की है। श्रीनिवास जायसवाल नाम के ड्राइवर ने ऑटो रिक्शा पार्क किया और चाय पीने के लिए सड़क के दूसरी तरफ उतरा, तभी एक बड़ा पेड़ उखड़कर उसके वाहन पर गिर गया। ऑटो रिक्शा का अगला हिस्सा धातु के अवशेषों के



ढेर में तब्दील हो गया, जिसे देखकर लोग सोच रहे थे कि अगर ड्राइवर ने वाहन से उतरने में थोड़ी भी देरी की होती तो उसका क्या होता।

उखड़े हुए पेड़ की वजह से सड़क पर कई घंटों तक वाहनों की आवाजाही बाधित रही। मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने कटर मशीनों की मदद से पेड़ के तने और शाखाओं को हटाया।

हालाँकि ऑटो-रिक्शा चालक गिरने से बच जाने में भाग्यशाली रहा हो सकता है, लेकिन शहर में इसी तरह के खतरे मंडरा रहे हैं क्योंकि कई पेड़ और उनकी शाखाएँ खतरनाक तरीके से झुकी हुई हैं, जो सड़क उपयोगकताओं के जीवन के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रही हैं। हालाँकि, ऐसा लगता है कि मीरा भयंदर नगर निगम से जुड़े वृक्ष प्राधिकरण के अधिकारी अपनी नींद से जागने और उपचारात्मक उपाय करने के लिए और अधिक गंभीर त्रासदियों का इंतजार कर रहे हैं।

# छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार...

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने यहां एक साझा टैक्सी में 20 वर्षीय कॉलेज छात्रा को निशाना बनाकर अश्लील हरकत करने के आरोप में उत्तर प्रदेश के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान दीनदयाल मोतीराम सिंह (27) के रूप में हुई है। उसे उत्तर प्रदेश के आगरा में पैतृक गांव से गिरफ्तार किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को कहा कि उसे अदालत में पेश किया गया जहां से उसे तीन दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार यह घटना 30 नवंबर को



दोपहर 12:35 बजे से 12:50 बजे के बीच हुई जब पीड़िता कंबाला हिल बस स्टॉप से ग्रांट रोड रेलवे स्टेशन तक एक साझा टैक्सी में यात्रा कर रही थी। उस समय 20 से 25 वर्ष की आयु के आरोपी ने कथित तौर पर शिकायतकर्ता का पीछा किया और उसके अंगों को छूकर और उसके प्रति अश्लील इशारे करके गलत व्यवहार किया।

## अज्ञात महिला के खिलाफ एफआईआर




**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने एक अज्ञात महिला के खिलाफ शांति भंग कर, डरावना माहौल निर्माण करने को लेकर एफआईआर दर्ज किया है। महिला ने फ्लाइट के समय की जानकारी जिस नंबर से ली जाती है उसपर फोन कर जानकारी दी कि रात पौने एक बजे की फ्लाइट उड़ने न दी जाए उसमें कुछ तो है। जिसके बाद सुरक्षा एजेंसी चौकन्नी हुई और एक मीटिंग लेने के बाद कुछ भी संदेहजनक न होने की जानकारी दी गई और एअरपोर्ट कॉन्टेक्ट सेंटर के कर्मी की शिकायत पर एफआईआर दर्ज किया गया। पुलिस को दी गई शिकायत के मिताबिक शिकायतकर्ता महिला एअरपोर्ट इन्फॉर्मेशन सेंटर में कार्यरत है।

# वाशी ब्रिज कनेक्टिविटी पर ट्रैफिक को और आसान बनाने की उम्मीद...



**नवी मुंबई :** क्रीक ब्रिज नवी मुंबई-बाउंड सेक्शन को 13 अक्टूबर को मोटर शेयर बाजार के लिए दो महीने बाद, अधिकारियों ने घोषणा की कि मुंबई-बाउंड सेक्शन का काम शुरू हो गया है। पूरा होने वाला है और फरवरी के अंत तक इसके जारी होने की उम्मीद है। लगभग 64,300 वाहन दैनिक पुल से जुड़े हुए हैं और इस विकास से मुंबई मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र (एमएमआर) में महत्वपूर्ण वाशी ब्रिज कनेक्टिविटी पर ट्रैफिक को और आसान बनाने की उम्मीद है।

मुंबई जाने वाला टेन क्रीक ब्रिज फरवरी के अंत तक खुलागा वर्तमान में, इस खंड पर सामुद्रिक उद्यान के लिए दो पुल प्राथमिक नाली के रूप में काम करते हैं। महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरडीसी) द्वारा निर्मित नया पुल, क्रीक पर बना चौथा पुल और इस भारी यात्रा वाले मार्ग पर भीड़भाड़ कम करने की महत्वाकांक्षी योजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। गुकेश की ऐतिहासिक शतरंज सीट ने तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के बीच प्रतिद्वंदिता को जन्म दिया। अधिक जानकारी नवीनतम और समाचारों के लिए, यहां पढ़ें पहला पुल, जो 1973 में बनकर तैयार हुआ था, उसमें केवल दो लेन हैं और घर में रहने के कारण लगभग दो दशकों से नियमित यातायात बंद है। आज, यह कभी-कभी बॉलीवुड फिल्म की शूटिंग के लिए एक खूबसूरत बैकग्राउंड के रूप में काम करती है। पुल दूसरा, जो 1997 से चालू है, में छह लेन (प्रत्येक दिशा तीन) हैं।

हालाँकि, ग्रेटर मुंबई और नवी मुंबई के बीच लगातार घनी आबादी और बढ़ते वाहनों की सघनता ने इसकी क्षमता को कम कर दिया है, जिससे महत्वपूर्ण बाधाएं पैदा हो रही हैं, सायन-पनवेल राजमार्ग के 10 लेन तक विस्तार से यह और भी बढ़ गया है। इन उद्घाटन का समाधान करने के लिए, एमएसआरटीसी ने 2020 में ट्विन क्रीक ब्रिज पर काम शुरू किया, और लार्सन एंड टुब्रो ने ₹559 करोड़ का प्रोजेक्ट डिजाइन किया।

# मुंबई में चेंबूर जिमखाना में मोटरसाइकिल पर गश्त कर रहे कांस्टेबलों को टक्कर मार दी... मामला दर्ज

**मुंबई:** एक 49 वर्षीय संगीतकार और निजी शिक्षक, जो प्रतिष्ठित संस्थानों से जुड़े होने के लिए जाने जाते हैं, एक पुलिसकर्मी पर हमला करने और लापरवाही से गाड़ी चलाने के आरोप में चेंबूर पुलिस द्वारा उनके 16 वर्षीय बेटे के साथ मामला दर्ज किए जाने के बाद विवादों में हैं। आरोपी किरण कामथ जन्म से अंधे हैं और शहर में एक प्रसिद्ध कलाकार और संगीत शिक्षक हैं, जिनके पास 'संगीत विशारद' की डिग्री है - जो संगीत स्नातक के बराबर की योग्यता है। पुलिस के अनुसार, किशोर लड़का, जिसके पास गाड़ी चलाने का लाइसेंस नहीं है, एक महिला और एक अन्य पुरुष मित्र के साथ परिवार की सेडान चला रहा था। कथित तौर पर गाड़ी ने चेंबूर जिमखाना में गश्त कर रहे दो कांस्टेबलों को टक्कर मार दी, जिससे उनमें से एक विजय सोनवणे को मामूली चोटें आईं। ''किशोर लापरवाही से सेडान चला रहा था, जब उसने मोटरसाइकिल पर गश्त कर रहे कांस्टेबलों को टक्कर मार दी।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कांस्टेबल सोनवणे को मामूली चोटें आईं और उन्हें चेंबूर के श्री अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में सोनवणे ने ड्राइवर और उसके अभिभावक से आगे की कार्यवाही के लिए चेंबूर पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट करने पर जोर दिया। इस बिंदु पर, स्थिति नाटकीय रूप से बढ़ गई। अधिकारी ने कहा, ''जब किरण कामथ अस्पताल पहुंचे, तो वह आक्रामक हो गए। उन्होंने सोनवणे को बेल्ट से पकड़ लिया, उन पर हमला किया और उनके नाबालिग बेटे ने भी



उनका साथ दिया, कांस्टेबल को जमीन पर गिरा दिया और उनकी वर्दी फाड़ दी।'' विवाद के बाद, कामथ और उनके बेटे दोनों को पुलिस स्टेशन ले जाया गया।

अधिकारियों ने बाद में पाया कि कार कामथ की पत्नी के नाम पर पंजीकृत थी। नाबालिग के बिना लाइसेंस के गाड़ी चलाने और पिता के कथित हिंसक व्यवहार के कारण भारतीय न्याय संहिता, 2023 और मोटर वाहन अधिनियम की कई धाराओं के तहत आरोप लगाए गए। आरोपों में एक सरकारी कर्मचारी पर हमला (धारा 132), एक सरकारी कर्मचारी को ड्यूटी से रोकने के लिए चोट पहुंचाना (धारा 121), व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाली लापरवाही (धारा 125 ए) और तेज गति से गाड़ी चलाना (धारा 281) शामिल हैं। मोटर वाहन अधिनियम के तहत खतरनाक ड्राइविंग (धारा 184) और अनधिकृत व्यक्ति को गाड़ी चलाने की अनुमति देने (धारा 180) के लिए अतिरिक्त आरोप भी लगाए गए। कामथ को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 35(3) के तहत नोटिस जारी किया गया है, जिसमें उन्हें जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया गया है।

# रिश्वत के आरोप में एक पुलिसकर्मी और एक वरिष्ठ जेल अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज...

**ठाणे :** नवी मुंबई से एक घोटाले का मामला सामने आया है। मुंबई में परिवार के सदस्य का उत्पीड़न रोकने के लिए कथित तौर पर रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में एक पुलिसकर्मी और एक वरिष्ठ जेल अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अन्य पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी है।

पुलिस अधिकारी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने तलोजा जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी निवृत्ति मानेजी कन्नेवाड और कांस्टेबल राहुल परमेश्वर गराड के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के




तहत मामला दर्ज किया है।

पुलिस ने कहा कि दोनों ने कथित तौर पर शिकायतकर्ता से 10,000 रुपये की रिश्वत की मांग की, जिसका भाई तलोजा जेल में कैदी है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसके भाई को तलोजा जेल में दो आरोपियों ने परेशान किया था। कथित तौर पर उत्पीड़न तब बढ़ गया जब कैदी को कार्यवाही के लिए अदालत में लाया गया।

अधिकारी ने कहा, एक मुलाकात के दौरान कैदी ने अपने भाई को बताया कि दोनों अधिकारियों ने उत्पीड़न रोकने के लिए 10,000 रुपये की मांग की थी। उन्होंने बताया कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने शिकायत की जांच की और पाया कि दोनों ने शनिवार को रिश्वत की रकम स्वीकार की थी।

# मुंबईः हवाई अड्डे से जाम्बियन नागरिक को गिरफ्तार किए जाने के 10 साल बाद, 10 साल जेल की सजा



**मुंबई:** छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से एक जाम्बियन नागरिक को गिरफ्तार किए जाने के 10 साल बाद, एक विशेष अदालत ने उसे 10 साल जेल की सजा सुनाई। आरोपी नोना जॉयस को कथित तौर पर 14.9 किलोग्राम मेथाक्वालोन रखने और उसकी तस्करी करने के प्रयास के लिए गिरफ्तार किया गया था।

21 जनवरी, 2014 को कस्टम्स की एयर इंटेलिजेंस यूनिट को एक खोजी कुत्ते ने सतर्क किया और जॉयस को उसके सामान की जांच करने के लिए रोका, जहां उन्हें सफेद क्रिस्टलीय पाउडर से भरे पैकेट में 47 जरी लेस रोल मिले। बाद में पुष्टि हुई कि पाउडर मेथाक्वालोन था, जो नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस अधिनियम के तहत एक साइकोट्रोपिक ड्रग है, जिसका अवैध बाजार मूल्य ₹7 करोड़ से अधिक है।

# 20 दिसंबर तक मुफ्त में खुला रहेगा... दो दिन में 1500 लोगों ने की पोर्ट की सैर

**मुंबई :** देश के सबसे पुराने पोर्ट में से एक मुंबई पोर्ट ट्रस्ट (बीपीटी) के द्वार आम जनता के लिए खुल गए हैं। दो दिनों के भीतर 1500 से अधिक लोगों ने पोर्ट पहुंचकर करीब 150 साल पुराने पोर्ट का महत्व जाना। साउथ मुंबई में बीपीटी की स्थापना 1873 में की गई थी। पिछले कई दशकों से इस पोर्ट का इस्तेमाल समुद्री मार्ग से होने वाले व्यवसाय के लिए किया जा रहा है।

मौजूदा समय में पोर्ट का उपयोग व्यावसायिक इस्तेमाल के साथ ही यात्रियों को एक स्थान से दूसरे स्थान



पर पहुंचाने के लिए भी होने लगा है। देश का पहला इंटरनेशनल क्रूज टर्मिनल बीपीटी में ही तैयार हो रहा है।

**20 दिसंबर तक फ्री में एंट्री**

बीपीटी के भीतर अब तक सामान्य जनता को प्रवेश की अनुमति नहीं थी। लेकिन सामान्य जनता को पोर्ट का महत्व समझाने और दिखाने के लिए बीपीटी ने द हेरिटेज प्रॉजेक्ट (टीएचपी) और मुंबई पोर्ट सस्टेनेबिलिटी फाउंडेशन (एमपीएसएफ) के साथ मिलकर पोर्ट के द्वार आम जनता के लिए खोल दिए हैं। लोग 20 दिसंबर तक पोर्ट की निशुल्क सैर कर सकते हैं। एमपीएसएफ के सीईओ आर. डी त्रिपाठी के मुताबिक, 16 से 20 दिसंबर तक आम जनता दो स्लॉट में पोर्ट की सैर कर सकती है। सुबह 8 बजे से 11 बजे और दोपहर 3 बजे से 6 बजे का स्लॉट लोगों के लिए रखा गया है। इस दौरान पोर्ट के अधिकारी बस के जरिये लोगों को पोर्ट की सैर कराते हैं। साथ ही पोर्ट में किस प्रकार से काम होता है, इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हैं। जहाजों की मरम्मत किस प्रकार होती है, यह भी लोगों को बताया जा रहा है। बीपीटी करीब 400 वर्ग किमी परिसर में फैला हुआ है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com

www.rokthoklekaninews.com facebook@rokthoklekhani youtube@rokthoklekhani twitter@rokthoklekhani